सरकूलर नं0: अपमा/2014–2016/347 दिनांक : 16–07–2016

प्रिय व्यापारी भाईयों, दिनांक 15–7–2016 को प्रमुख अखबारों में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा काले धन के विषय पर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी, आपकी जानकारी हेतु खबर प्रकाशित की जा रही है।

''काले धन संपत्ति पर जुर्माना चुकाने के लिए अतिरिक्त समय''

सरकार ने अघोषित संपत्ति की घोषणा करने वालों को राहत देते हुये कर, जुर्माना एवं अधिभार चुकाने के लिए अतिरिक्त समय दिया है ।

अघोषित संपत्ति की घोषणा के लिए सरकार ने ऐसे लोगों को 30 नवंबर 2016 तक का समय दिया है। योजना के तहत संपत्ति के मूल्य का 30 प्रतिशत कर, 7.5 प्रतिशत सरचार्ज और 7.5 प्रतिशत जुर्माने (कुल 45 प्रतिशत) की राशि के रूप में देकर इसे सफेद धन बनाया जा सकता है।

वित्त मंत्रालय ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में सेमिनारों तथा बैठकों के दौरान कई संबद्ध पक्षों ने कर, सरचार्ज और जुर्माना जमा कराने के लिए 30 नवंबर 2016 तक का समय काफी कम होने की शिकायत की थी। विशेषकर ऐसी परिस्थितियों में जहां घोषणा करने वालों के पास तरलता का अभाव है। मंत्रालय ने बताया कि इसके मद्देनजर सरकार ने कर, जुर्माना एवं सरचार्ज किस्तों में जमा कराने का विकल्प दिया है।

कुल 45 प्रतिशत कर, जुर्माना एवं सरचार्ज का 25 प्रतिशत इस साल 30 नवंबर, 2016, अगला 25 प्रतिशत 31 मार्च 2017 तक तथा शेष 50 प्रतिशत अगले साल 30 सितंबर, 2017 तक जमा करना होगा।

सरकूलर नं0 अपमा/2014–2016/348

''अपमा निःशुल्क डिस्पेन्सरी में दवाओं का वितरण''

सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि 01 जुलाई से 15 जुलाई, 2016 तक जिन दानदाताओं ने अपमा निःशुल्क चिकित्सालय में जरूरतमंद मरीजों के इलाज एवं दवाईयों हेतु 3100/– रूपये का आर्थिक सहयोग दिया है, उनके नाम इस प्रकार हैं :–

01. मै0 शानको ऑटो एण्ड केबल इण्डस्ट्रीज''(शानको समूह), 1, निकल्सन रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006 ने अपने पूज्यनीय पिताजी स्व0 शान्ती स्वरूप सेठ जी के जन्म दिवस तिथि (16–7–2016) के उपलक्ष्य में।

अपमा प्रधान एवं समस्त कायकारिणी की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें और समस्त ''शानको समूह'' को उनके परिवार सहित सदैव स्वस्थ, निरोग, प्रसन्नचित रखते हुए दीर्घायु प्रदान करें। ''शानको समूह'' का कारोबार सफलता के साथ प्रगति करता हुआ, दिन–प्रतिदिन फले–फूले, परिवार में और अधिक खुशहाली एवं सुख–समृद्धि आये।

दूरभाष कार्यालय : 23968514, 23913880

(आर.के. गुप्ता)
महासचिव